बिहार सरकार

मुख्यमंत्री का कार्यालय

(जनसंपर्क कोषांग)

प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-172
10/04/2020

जब भी कठिन समय आया है, हमलोगों ने मिल–जुलकर मुकाबला किया है :– मुख्यमंत्री

- लॉकडाउन के पालन में अनुशासन बनाये रखें, इससे कोरोना संक्रमण की चेन टूटेगी
- कोरोना संक्रमित मरीज जहॉ पाये जाते हैं, उस क्षेत्र में प्रोटोकॉल के अनुरूप समुचित कार्रवाई सुनिश्चित हो
- बाजारों एवं दुकानों में जाने वाले लोग सोशल डिस्टेंसिंग का सख्ती से पालन करें
- जिनमें भी संक्रमण के लक्षण दिखते हैं तो वे स्वतः जॉच केन्द्र पर जाकर जॉच करायें

पटना, 10 अप्रैल 2020 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने 1 अणे मार्ग में मुख्य सचिव एवं अन्य वरीय पदाधिकारियों के साथ कोरोना संक्रमण के संबंध में अद्यतन स्थिति की समीक्षा की। समीक्षा के क्रम में मुख्यमंत्री ने कहा कि लोग लॉकडाउन के पालन में अनुशासन बनाये रखें, इससे कोरोना संक्रमण की चेन टूटेगी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि यह सुनिश्चित कराया जाय कि बाजारों में, दुकानों पर, सब्जी मंडी में जहॉ पर भी लोग जरूरत का सामान खरीदने के लिये जा रहे हैं, वहॉ पर सोशल डिस्टेंसिंग का पालन हो। लोग अपने घरों में भी सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करें। सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करने से अधिक से अधिक लोग सुरक्षित रहेंगे। उन्होंने कहा कि लोगों के लिये खाद्य सामग्री एवं आवश्यक वस्तुओं की आपूर्ति बाधित नहीं होगी। लोग घबरायें नहीं, अपने घरों में सुरक्षित रहें। उन्होंने लोगों से अपील की कि जब भी कठिन समय आया है, हमलोगों ने मिल–जुलकर मुकाबला किया है। मुझे पूरी उम्मीद है कि इस बार भी आप सबके सहयोग से कोरोना महामहारी से निपटने में सक्षम होंगे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि सीवान के साथ–साथ राज्य के जिन अन्य क्षेत्रों में भी कोरोना पॉजिटिव मरीजों की संख्या अधिक मिल रही है, वहॉ विशेष निगरानी एवं सतर्कता बनाये रखें। उन क्षेत्रों में सघन अभियान चलाकर प्रोटोकॉल के अनुरूप समुचित कार्रवाई सुनिश्चित की जाय। उन्होंने लोगों से अपील की कि जिन्हें भी संक्रमण की थोड़ी भी आशंका हो तो वे जॉच केन्द्र पर जाकर जॉच करायें, इससे उनके परिवार एवं आसपास के लोग भी सुरक्षित रहेंगे। जो लोग बिहार से बाहर या देश से बाहर की यात्रा कर आये हैं, वे अपने–अपने ट्रेवल हिस्ट्री को न छिपायें। इससे उन्हें तो खतरा है ही, उनके सम्पर्क में आने वाले अपने लोगों को भी खतरा है। उन्होंने कहा कि अधिकारियों के द्वारा दिये गये निर्देशों का लोग पालन करें।

मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि जहॉ–जहॉ संदिग्ध कोरोना मरीजों का सम्पर्क क्षेत्र पता चलता है उन इलाकों में अधिक से अधिक लोगों की गहन स्क्रीनिंग की जाय।

जिन क्षेत्रों में कोरोना के मरीज पाये जा रहे हैं, वहाॅ सघन अभियान चलाकर कोरोना मरीजों का कॉन्टैक्ट ट्रेस का तेजी से पता करें और जो कॉन्टैक्ट ट्रेस होता है उनकी जाॅच तुरंत करायी जाय। उन्होंने कहा कि स्क्रीनिंग एवं टेस्टिंग प्रक्रिया में और तेजी लायी जाय। टेस्टिंग कैपिसिटी को और बढ़ाया जाय तथा कुछ अन्य स्थानों पर भी कोरोना जाॅच केन्द्र शीघ्र खोलने की कार्रवाई की जाय।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राशन कार्ड के अस्वीकृत एवं लंबित आवेदनों की पुनः समीक्षा कर नियमानुसार तेजी से उसका समाधान करें ताकि योग्य लाभुकों को ससमय सुविधा मिल सके।

मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि जो लोग क्वारंटाइन हैं तथा आइसोलेशन सेंटर में रह रहे हैं, उनकी काउंसिलिंग भी करायें। उन्होंने कहा कि क्वारंटाइन सेंटर पर जरूरी सभी सुविधाओं का मॉनिटरिंग करते रहें। वे क्वारंटाइन में रहने के दौरान जरूरी प्रक्रियाओं का पालन करें, इससे वे खुद भी स्वस्थ हो सकेंगे और समाज की भी सुरक्षा होगी। लोगों की समस्याओं के प्रति पदाधिकारी संवेदनशील रहें तथा जरूरतमंद व्यक्तियों की सूचनाओं पर तत्काल कार्रवाई कर आवश्यक मदद दिलायें। उन्होंने कहा कि लोगों की मदद के लिये सरकार हर जरूरी कदम उठा रही है।

*****